Headline: - International Health Training Program at IIHMR: Measures to improve health systems discussed

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
19th February, 2026	**Rajasthan Patrika**	All

आइआइएचएमआर में अंतरराष्ट्रीय हेल्थ ट्रेनिंग प्रोग्राम

स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 13 देशों के करीब 30 प्रतिभागी भाग ले रहे

जयपुर @ पत्रिका प्लस. भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के आइटीइसी कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर की आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी में दो सप्ताह का अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। 'हेल्थ सिस्टम स्ट्रेंथनिंग हेतु ट्रांसफॉर्मेशनल लीडरशिप कार्यक्रम 16 से 27 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें हेल्थ सेक्टर से जुड़े 13 देशों के 30 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतिभागी अपने अनुभव साझा कर रहे हैं और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के व्यावहारिक उपायों पर चर्चा कर रहे हैं।

आइआइएचएमआर के प्रेसिडेंट डॉ. पी.आर. सोड़ानी ने बताया कि डिजिटल हेल्थ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक तकनीकी विषय प्रशिक्षण का हिस्सा हैं। राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग के आयुक्त नरेश गोयल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में नेतृत्व और प्रबंधकीय कौशल को मजबूत करना है। डॉ. हिमाद्री सिन्हा, प्रोवोस्ट, आइआइएचएमआर यूनिवर्सिटी ने बताया कि प्रतिभागियों को भारत के स्वास्थ्य संस्थानों का व्यावहारिक अनुभव और वैश्विक केस स्टडीज के माध्यम से सीखने का अवसर भी मिल रहा है। कार्यक्रम में भूटान, इक्वाडोर, फिजी, किर्गिस्तान, लाइबेरिया, मंगोलिया, मोरक्को, म्यांमार, सिएरा लियोन, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तंजानिया और ट्यूनीशिया आदि देश शामिल हैं।

Rajasthan Patrika 19.02.2026